भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.10.2023

सरदार पटेल के जन्म दिवस पर" रन फोर यूनिटी" का आयोजन

रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में खेल कूद संघ के द्वारा रन फॉर यूनिटी, दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल एवं उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के जवानों, बच्चों तथा महिलाओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना बढ़ाने हेतु शपथ ग्रहण करायी एवं एकता दौड़ के महिला और पुरूष विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस एकता दौड़ में पुरूष वर्ग में निखिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं प्रवीन कुमार तथा श्रेयांश ने क्रमश द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे, महिला वर्ग में दिव्या कुमारी प्रथम तथा माही द्वितीय और अनुष्का तृतीय स्थान पर रहीं।

ज्ञात हो कि 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है भारतीय इतिहास में सरदार पटेल जी के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आरेडिका में सरदार वल्लभ भाई पटेल पर आधारित बैनर, पोस्टर लगाए गए ताकि देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने का संदेश पहुंचाया जा सके जिससे वे आगे चलकर देश में राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझ सकें।

आरेडिका में सर्तकता जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन

आरेडिका में 30 अक्टूबर से 5 नम्बर 2023 तक सर्तकता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहतः आज महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार के नेतृत्व में कार्य अनुबंध/कोटेशन पर कार्य/टर्नकी का अनुबंध का निष्पादन एवं भण्डार निविदा से संबन्धित एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें डिप्टी सीएमएम श्री एमके सिंह के द्वारा प्रजेण्टेशन दिया गया। इसमें श्री सिंह ने सतर्कता, संविदाओ, निविदाओं एवं सामग्री की खरीद आदि के बारे में आधारभूत जानकारी प्रदान की।

महाप्रबंधक महोदय ने पारदर्शिता एवं निष्पक्ष होकर कार्य करने का सुझाव दिया। इसके उपरांत उच्च अधिकारियों के द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं सत्यनिष्ठा, ईमानदारी , पारदर्शिता को बढ़ाने हेतु विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति रहे।

31/10/2023

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जन संपर्क अधिकारी